# FORM A

## PUBLIC ANNOUNCEMENT

(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF NAVSAN GLASS INDUSTRIES LIMITED

| RELEVANT PARTICULARS | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | Navsan Glass Industries Limited |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | **07/05/2009** |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | Registrar of Companies Gwalior-Madhya Pradesh |
| 4. | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor | U26101MP2009PLC021885 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | 8-A, 3rd Floor, Metro Plaza, E-5, Arera Colony, Bhopal, Madhya Pradesh, India, 462011 |
| 6. | Insolvency commencement date in respect of corporate debtor | CIRP was initiated vide order dated **04.11.2025.** However, IRP was appointed vide order dated 05.03.2026 which was received on 11.03.2026. |
| 7. | Estimated date of closure of insolvency resolution process | 03.05.2026 |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional | Mr. Dhaval Jitendrakumar Mistry<br>**Reg. No:** IBBI/IPA-001/IP-P-01853/2019-2020/12849 |
| 9. | Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board | **Address:** 9-B, Vardan Complex, Near Vimal House, Lakhudi Circle, Navrangpura, Ahmedabad – 380009<br>Email: cadhavalmistry@yahoo.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional | **Address:** 9-B, Vardan Complex, Near Vimal House, Lakhudi Circle, Navrangpura, Ahmedabad – 380009<br>**Email-** cirp.ngil@gmail.com |
| 11. | Last date for submission of claims | 26.03.2026 |
| 12. | Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional | Not applicable |
| 13. | Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorized Representative of creditors in a class (Three names for each class) | Not applicable |
| 14. | (a) Relevant Forms and<br>(b) Details of authorized representatives are available at: | (a) www.ibbi.gov.in<br>(b) Not Applicable |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal has ordered the commencement of a corporate insolvency resolution process of the **Navsan Glass Industries Limited** on 04.11.2025. Copy of the IRP Appointment order received on 11.03.2026.

The creditors of **Navsan Glass Industries Limited** are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 26.03.2026 to the interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

A financial creditor belonging to a class, as listed against the entry No. 12, shall indicate its choice of authorized representative from among the three insolvency professionals listed against entry No.13 to act as authorized representative of the class NA in Form CA.

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

CA DHAVAL JITENDRAKUMAR MISTRY INSOLVENCY PROFESSIONAL IP Reg. No. IBBI/IPA-001/IP-P-01853/2019-2020/12849

Dhaval Jitendrakumar Mistry,
Interim Resolution Professional of
Navsan Glass Industries Limited (in CIRP)
**Regn No.:** IBBI/IPA-001/IP-P-01853/2019 -2020/12849
AFA valid till 30.06.2027
**Reg. Add:** 9-B, Vardan Complex, Near Vimal House, Lakhudi Circle,
Navrangpura, Ahmedabad, Gujarat, 380009
Email – cadhavalmistry@yahoo.com

Date: 13.03.2026
Place: Ahmedabad

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल मंडल में महिला रेल कर्मचारियों ने काव्य, पेंटिंग और निबंध लेखन में दिखाई प्रतिभा



**भोपाल,निप्र।** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह' के उपलक्ष्य में महिला रेल कर्मचारियों की सृजनात्मकता और प्रतिभा को निखारने के लिए विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक (DRM) कार्यालय के मीटिंग कक्ष क्रमांक-02 में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला कर्मियों ने काव्य पाठ, निबंध लेखन और पेंटिंग के जरिए सशक्तिकरण का संदेश दिया। 8 मार्च से 15 मार्च तक चलने वाले इस विशेष सप्ताह की कड़ी में आज आयोजित प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में महिला रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।

**काव्य पाठ :** प्रतिभागियों ने स्वरचित और प्रसिद्ध कविताओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों और मानवीय मूल्यों पर अपनी भावनाओं को ओजस्वी ढंग से प्रस्तुत किया।

**पेंटिंग और निबंध :** कैनवास पर रंगों के माध्यम से कल्पनाशीलता उकेरी गई, वहीं निबंध लेखन में महिलाओं ने कार्यस्थल पर अपनी भूमिका और चुनौतियों पर विचार साझा किए।

**कुशल मार्गदर्शन में सफल आयोजन :** यह कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल नेतृत्व एवं संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी (इंजीनियरिंग) द्वारा किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने महिला कर्मचारियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से कार्यस्थल पर आत्मविश्वास और सहभागिता बढ़ती है। रेलवे प्रशासन के अनुसार, इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य महिला रेल कर्मचारियों को तनावमुक्त वातावरण देना और उन्हें अपनी छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक उचित मंच प्रदान करना है।

### भोपाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई : ब्लैकमेल करने वाले "ILLEGAL" गैंग का भंडाफोड़ सरगना 'भूरा हड्डी' समेत छह गिरफ्तार





**भोपाल,निप्र।** राजधानी की कोहेफिजा थाना पुलिस ने एक शातिर ब्लैकमेलिंग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह "ILLEGAL" नाम से एक गैंग चला रहा था, जो भोले-भले लोगों को महिला संबंधी झूठी FIR दर्ज कराने का डर दिखाकर मोटी रकम वसूलता था। पुलिस के अनुसार, इस पूरे गैंग का मास्टरमाइंड आकाश नीलकंठ उर्फ भूरा हड्डी है। आकाश पहले से ही हत्या के एक मामले में आरोपी है और वर्तमान में जमानत पर बाहर आकर इस गैंग को संचालित कर रहा था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंग के आकाश नीलकंठ (सरगना), रामजी ठाकुर, अभिषेक उपाध्याय, अभिषेक मीणा, नीरज खान, अमित ओसवाल को गिरफ्तार किया है। डीसीपी मयूर खंडेलवाल ने बताया कि यह गिरोह सुनियोजित तरीके से युवकों को निशाना बनाता था। गिरोह के सदस्य पीड़ितों को महिला संबंधी अपराधों में फंसाने और स्नढ्ढक्रदर्ज कराने की धमकी देते थे। भय का माहौल बनाने के लिए ये लोग पीड़ितों के वीडियो भी बना लेते थे और फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते थे। हाल ही में, इन्होंने इसी तरह एक युवक को डराकर उससे 50 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए थे।

**पुलिस की जांच जारी :** पकड़े गए सभी आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस गैंग ने अब तक और कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है। साथ ही, इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की भी तलाश की जा रही है।

# प्रदेश की राजधानी में बढ़ी रसोई गैस की किल्लत

## सर्वर ठप, होटल-रेस्तरां में चूल्हे बुझने की कगार पर

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत पूरे प्रदेश में एलपीजी गैस सिलेंडर की भारी किल्लत ने आम जनता से लेकर व्यापारियों तक की कमर तोड़ दी है। आलम यह है कि पिछले कुछ दिनों से गैस एजेंसियों के बाहर खाली सिलेंडरों के साथ उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं, जो सुबह से शाम तक अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

### सर्वर हैक की आशंका ऑनलाइन बुकिंग बंद

उपभोक्ताओं की सबसे बड़ी परेशानी ऑनलाइन बुकिंग का ठप होना है। बताया जा रहा है कि गैस कंपनियों का सर्वर तकनीकी खराबी या हैकिंग का शिकार हुआ है, जिसके कारण मोबाइल ऐप और आईवीआर (IVR) सिस्टम काम नहीं कर रहे हैं। जब ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही, तो लोग मजबूरन सिलेंडर लेकर सीधे गैस एजेंसियों और गोदामों के चक्कर काट रहे हैं।



### कमर्शियल सिलेंडर पर रोक होटल व्यवसाई बेहाल

घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने कमर्शियल गैस सिलेंडरों (19 किलो) की सप्लाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसके चलते

- **होटल और रेस्तरां :** शहर के छोटे-बड़े होटलों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। कई जगह चूल्हे बुझने की नौबत आ गई है।
- **व्यवसाय पर असर :** पर्यटन और खान-पान के व्यवसाय से जुड़े लोग इस अचानक आई किल्लत से भारी घाटे में हैं।
- **अस्पताल और स्कूल :** प्रशासन ने केवल अस्पतालों और हॉस्टलों जैसी आवश्यक सेवाओं को ही कमर्शियल सिलेंडर की छूट दी है।

### पैनिक बुकिंग और वैश्विक संकट का साया

जानकारों का मानना है कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से कच्चे तेल और गैस की वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित होने की आशंका है। इसी डर से लोग पैनिक बुकिंग कर रहे हैं, यानी जरूरत न होने पर भी सिलेंडर स्टोर करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे बाजार में कृत्रिम कमी पैदा हो गई है।

- **प्रशासन का पक्ष :** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है प्रदेश में गैस का पर्याप्त स्टॉक है। सर्वर की समस्या को जल्द ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और केवल जरूरत होने पर ही सिलेंडर बुक करें।
- सुबह 5 बजे से लाइन में लगे हैं, ऑनलाइन बुकिंग हो नहीं रही। एजेंसी वाले कह रहे हैं स्टॉक खत्म है। समझ नहीं आ रहा कि घर में खाना कैसे बनेगा। – परेशान उपभोक्ता, भोपाल

### गांधी नगर में घरेलू गैस की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 900 का सिलेंडर 1500 में बेचते धराए

**भोपाल,निप्र।** राजधानी में जारी गैस संकट के बीच प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण करने वाले गिरोह पर शिकंजा कसा है। गांधी नगर इलाके में खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक घर पर छापा मारकर भारी मात्रा में घरेलू LPG सिलेंडर जब्त किए हैं।

**भारी मुनाफाखोरी का खेल :** पकड़े गए आरोपी शहर में चल रही गैस की किल्लत का फायदा उठा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, जिस घरेलू गैस सिलेंडर की सरकारी कीमत लगभग 900 है, उसे जरूरतमंदों को 1500 की ऊँची कीमत पर बेचा जा रहा था।

**बरामदगी :** गांधी नगर स्थित एक रिहायशी मकान से 15 से ज्यादा सिलेंडर बरामद किए गए।

**FIR के निर्देश :** जिला प्रशासन ने साफ किया है कि इस अवैध भंडारण में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त धाराओं में स्नढ्ढक्रदर्ज की जाएगी। **जब्ती :** मौके से मिले सभी सिलेंडरों को प्रशासनिक कस्टडी में ले लिया गया है।

> संकट के समय में इस तरह की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी व्यक्ति निर्धारित मूल्य से अधिक पर गैस बेचता पाया जाएगा, उस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।
> – प्रशासनिक अधिकारी, भोपाल

**शहर में गहराया है संकट :** पिछले कुछ हफ्तों से भोपाल में LPG की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसके कारण रिफिलिंग के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इसी स्थिति का लाभ उठाकर बिचौलिये और असामाजिक तत्व सिलेंडरों का स्टॉक कर रहे हैं ताकि उन्हें महंगे दामों पर खपा सकें।

## LLB प्रथम वर्ष की छात्रा ने की खुदकुशी कमरे में फंदे से लटका मिला शव

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी के अयोध्या नगर क्षेत्र में एक 17 वर्षीय छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका एलएलबी (LLB) प्रथम वर्ष की छात्रा थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि छात्रा पिछले कुछ समय से पढ़ाई को लेकर तनाव में थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अयोध्या नगर थाना पुलिस के अनुसार, अंकिता थापा (17), पिता शिवा थापा, थाने के पास ही अपने परिवार के साथ रहती थी। बुधवार देर रात अंकिता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। जब काफी देर तक कमरे में कोई हलचल नहीं हुई, तो परिजनों ने जाकर देखा, जहाँ उसका शव फंदे से लटका मिला। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। एएसआई मनोज सिंह ने बताया कि अंकिता एलएलबी की छात्रा थी, लेकिन पिछले एक महीने से उसने कॉलेज जाना बंद कर दिया था। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि वह अक्सर पढ़ाई में मन न लगने की बात कहती थी। इसके अलावा उसने किसी अन्य परेशानी या तनाव का जिक्र कभी नहीं किया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस अब इन पहलुओं पर जांच कर रही है:-

**बयानों का मिलान :** परिजनों और दोस्तों के विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे।

**मोबाइल कॉल डिटेल्स :** छात्रा के फोन की जांच की जा रही है ताकि अंतिम समय की बातचीत का पता चल सके।

### जवाहर चौक में हुआ बड़ा हादसा

## नगर निगम की दुकानों के छज्जे गिरे, बाल-बाल बचे दुकानदार

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी के व्यस्ततम इलाकों में से एक जवाहर चौक में गुरुवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब नगर निगम की करीब 40 साल पुरानी दुकानों के छज्जे और छत का एक बड़ा हिस्सा अचानक भरभरा कर गिर गया। घटना दोपहर करीब 3.30 बजे की है। गनीमत रही कि मलबे की चपेट में कोई नहीं आया, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, छज्जे गिरने की आवाज सुनते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदार अपनी जान बचाने के लिए दुकानों से बाहर की ओर भागे। पीड़ित दुकानदार आंशु अग्रवाल ने बताया, हम दुकान के अंदर बैठे थे, तभी छज्जा कड़कड़ाने लगा। हम तुरंत बाहर की ओर लपके। अगर कुछ सेकंड की भी देरी होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।



दुकानदारों का आरोप है कि ये दुकानें लगभग 40 साल पुरानी हैं और लंबे समय से जर्जर स्थिति में थीं। इस संबंध में कई बार नगर निगम के अधिकारियों को मरम्मत के लिए सूचित किया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। चार दिन पहले भी छत का एक छोटा हिस्सा गिरा था, जिसे चेतावनी मानकर नजरअंदाज कर दिया गया।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि दुकानों के कुछ ही दूरी पर मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान होने वाली खुदाई और भारी मशीनों के कंपन के कारण इन कमजोर ढांचों की स्थिति और खराब हो गई है। हादसे की चपेट में फोटो फ्रेम, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और स्पोर्ट्स की दुकानें आई हैं।

### विधायक और पार्षद पहुंचे मौके पर

हादसे की खबर मिलते ही दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक भगवान दास सबनानी और पार्षद जगदीश यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। विधायक सबनानी ने नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल जरूरी सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उन्हें परेशान नहीं होने दिया जाएगा और जल्द ही समाधान निकाला जाएगा।

## पत्नी की प्रताड़ना से तंग क्रेन ऑपरेटर ने की खुदकुशी

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी के ईंटखेड़ी (जगदीशपुर) इलाके में एक 27 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान केशव धानक के रूप में हुई है, जो पेशे से क्रेन ऑपरेटर था। परिजनों का आरोप है कि केशव अपनी पत्नी और उसके मायके वालों की प्रताड़ना से बुरी तरह परेशान था।

घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की है। आत्महत्या करने से पहले केशव ने अपने भाई और पत्नी को एक भावुक मैसेज भेजा। इस मैसेज में उसने स्पष्ट रूप से लिखा कि, मैं अपनी घरवाली कृष्णा की वजह से अपनी जान दे रहा हूं, मेरी मौत की जिम्मेदार वही है। गुरुवार सुबह करीब 5.45 बजे परिजनों ने केशव का शव घर के कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया।

मृतक के चाचा विनोद ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि केशव की शादी 4 साल पहले कृष्णा से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद भी कृष्णा का किसी अन्य युवक से प्रेम प्रसंग था, जिसे केशव ने रंगे हाथों पकड़ा था। इसी बात को लेकर घर में आए दिन विवाद होता था। चाचा का कहना है कि कृष्णा अक्सर बिना बताए मायके चली जाती थी। उसकी मां और बड़ी बहन भी केशव को फोन पर गंदी-गंदी गालियां देती थीं और उसे झूठे महिला अपराध के केस में जेल भिजवाने की धमकी देती थीं।

परिजनों ने पुलिस को 4 ऑडियो क्लिप सौंपी हैं, जिनमें कथित तौर पर पत्नी और उसकी बहन केशव को सरेराह कटवा कर फेंक देने की धमकी दे रही हैं।

### सूखी सेवनिया स्टेशन पर गूंजी सायरन की आवाज

## भोपाल रेल मंडल और एनडीआरएफ ने किया संयुक्त मॉक ड्रिल

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** रेल हादसों जैसी आपातकालीन स्थितियों में यात्रियों की सुरक्षा और त्वरित राहत कार्यों को परखने के लिए आज भोपाल के सुखीसेवनिया रेलवे स्टेशन पर एक व्यापक संयुक्त दुर्घटना अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में भोपाल रेल मंडल, NDRF और 11वीं बटालियन RPSF/RPF की टीमों ने मिलकर अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया।

गुरुवार सुबह 11.34 बजे सुखीसेवनिया स्टेशन पर अचानक हलचल बढ़ गई जब सूचना मिली कि तीन कोच (दो स्लीपर और एक जनरल) दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। यह एक काल्पनिक स्थिति (Mock Scenario) थी, जिसमें रेलवे सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों और सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने घायल यात्रियों की भूमिका निभाई।



**त्वरित सूचना :** लोको पायलट और गार्ड द्वारा स्टेशन प्रबंधक को सूचना मिलते ही रेलवे कंट्रोल ने तत्काल दुर्घटना राहत चिकित्सा यान को भोपाल से रवाना किया।

**संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन :** NDRF, RPF और रेलवे के बचाव दलों ने तालमेल बिठाते हुए गैस कटर और आधुनिक उपकरणों की मदद से कोचों को काटकर घायलों को बाहर निकाला।

**मेडिकल सहायता :** मौके पर मौजूद 108 एम्बुलेंस और पैरामेडिकल स्टाफ ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और उन्हें स्ट्रेचर के जरिए पीपुल्स अस्पताल पहुँचाने का अभ्यास किया।

**ड्रोन से निगरानी :** मंडल रेल प्रबंधक (DRM) ने स्वयं उपकरणों का निरीक्षण किया और पूरे घटनास्थल की निगरानी ड्रोन कैमरों के जरिए की गई।

इस महत्वपूर्ण अभ्यास का संचालन मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर से मुख्य चल शक्ति इंजीनियर आर.एस. वीका, डिप्टी कमांडेंट (RPSF) अनिल पाल और कमांडेंट कमलनाथ धुर्वे सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सुरक्षा विभाग द्वारा सभी विभागों के बीच समन्वय की कमान संभाली गई और दोपहर 1.28 बजे इस ड्रिल का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

फॉर्म A
पब्लिक अनाउंसमेंट
(इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया के रेगुलेशन 6 के तहत
(कॉर्पोरेट लोगों के लिए इन्सॉल्वेंसी रिज़ॉल्यूशन प्रोसेस) रेगुलेशन, 2016)

**नवसन ग्लास इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

संबंधित जानकारी

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | नवसन ग्लास इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के इनकॉर्पोरेशन की तारीख | 07/05/2009 |
| 3. | वह अथॉरिटी जिसके तहत कॉर्पोरेट देनदार इनकॉर्पोरेट/रजिस्टर्ड है | रजिस्ट्रार ऑफ़ कंपनीज़ ग्वालियर- मध्य प्रदेश |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार का कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नंबर/ लिमिटेड लायबिलिटी आइडेंटिफिकेशन नंबर | U26101MP2009PLC021885 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के रजिस्टर्ड ऑफिस और प्रिंसिपल ऑफिस (अगर कोई हो) का पता | 8-A, 3rd फ्लोर, मेट्रो प्लाज़ा, E-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, मध्य प्रदेश, इंडिया, 462011 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में इन्सॉल्वेंसी शुरू होने की तारीख | CIRP को 04.11.2025 के ऑर्डर से शुरू किया गया था। लेकिन, IRP को 05.03.2026 के ऑर्डर से अपॉइंट किया गया था जो 11.03.2026 को मिला था। |
| 7. | इनसॉल्वेंसी रिज़ॉल्यूशन प्रोसेस के बंद होने की अनुमानित तारीख | 03.05.2026 |
| 8. | इंटरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल के तौर पर काम करने वाले इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | श्री धवल जितेंद्रकुमार मिस्त्री रजिस्ट्रेशन नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P-01853/2019-2020/12849 |
| 9. | बोर्ड के साथ रजिस्टर्ड, इंटरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल का पता और ई-मेल | पता : 9-B, वरदान कॉम्प्लेक्स, विमल हाउस के पास, लखुड़ी सर्कल, नवरंगपुरा, अहमदाबाद - 380009 ईमेल- cadhavalmistry@yahoo.com |
| 10. | इंटरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल के साथ बातचीत के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पता और ई-मेल | पता : 9-B, वरदान कॉम्प्लेक्स, विमल हाउस के पास, लखुड़ी सर्कल, नवरंगपुरा, अहमदाबाद - 380009 ईमेल- cirp.ngil@gmail.com |
| 11. | क्लेम जमा करने की आखिरी तारीख | 26.03.2026 |
| 12. | सेक्शन 21 के सब-सेक्शन (6A) के क्लॉज़ (b) के तहत क्रेडिटर्स की क्लास, अगर कोई हो, जो इंटरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा पता लगाई गई हो | लागू नहीं |
| 13. | एक क्लास में क्रेडिटर्स के ऑथराइज़्ड रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर काम करने के लिए पहचाने गए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स के नाम (हर क्लास के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (a) संबंधित फ़ॉर्म और (b) अधिकृत प्रतिनिधियों की जानकारी यहां उपलब्ध है : | (a) www.ibbi.gov.in (b) लागू नहीं |

यह नोटिस दिया जाता है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने **04.11.2025** को **नवसन ग्लास इंडस्ट्रीज लिमिटेड** की कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेंसी रिज़ॉल्यूशन प्रोसेस शुरू करने का ऑर्डर दिया है। IRP अपॉइंटमेंट ऑर्डर की कॉपी **11.03.2026** को मिली।
**नवसन ग्लास इंडस्ट्रीज लिमिटेड** के क्रेडिटर्स से कहा जाता है कि वे एंट्री नंबर 10 में दिए गए पते पर अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल को **26.03.2026** को या उससे पहले सबूत के साथ अपने क्लेम जमा करें।
फाइनेंशियल क्रेडिटर्स अपने क्लेम सबूत के साथ सिर्फ़ इलेक्ट्रॉनिक तरीके से जमा करेंगे। बाकी सभी क्रेडिटर्स सबूत के साथ खुद आकर, पोस्ट से या इलेक्ट्रॉनिक तरीके से क्लेम जमा कर सकते हैं।
एंट्री नंबर 12 में लिस्टेड क्लास से जुड़ा एक फाइनेंशियल क्रेडिटर, फॉर्म CA में क्लास NA के ऑथराइज़्ड रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर काम करने के लिए एंट्री नंबर 13 में लिस्टेड तीन इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स में से अपने ऑथराइज़्ड रिप्रेजेंटेटिव को बताएगा।
क्लेम के झूठे या गुमराह करने वाले सबूत जमा करने पर पेनल्टी लगेगी।

एसडी/-
**धवल जितेंद्रकुमार मिस्त्री,**
**नवसन ग्लास इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल (CIRP)**
**रजिस्ट्रेशन नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P-01853/2019-2020/12849**
AFA 30.06.2027 तक वैलिड है, **ईमेल** - cadhavalmistry@yahoo.com
**रजिस्ट्रेशन पता :** 9-B, वरदान कॉम्प्लेक्स, विमल हाउस के पास, लखुड़ी सर्कल, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, 380009
**दिनांक : 13.03.2026**
**स्थान : अहमदाबाद**

VASTU HOUSING FINANCE
**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
पंजीकृत पता : यूनिट नंबर-203 और 204, द्वितीय तल ए विंग नवभारत एस्टेट ज़कारिया बंदर मार्ग रोड सेवरी पश्चिम, मुंबई -400 015, भारत।
सीआईएन नं. : U65922MH2005PLC272501

**कब्जे का नोटिस**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने नीचे उल्लिखित तिथि को उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर तथा आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा, जिसका उल्लेख नीचे किया गया है तथा उस पर ब्याज, लागत आदि।

| एस. एन. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम तथा लैन नं. | मांग नोटिस की तिथि और राशि | संपत्ति का विवरण | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामकुमार रघुवंशी (उधारकर्ता), पूनम रघुवंशी (सह-उधारकर्ता), हरिओम रघुवंशी (सह-उधारकर्ता), कीर्ति बाई रघुवंशी (सह-उधारकर्ता) HL0000000115728 | 14/नवम्बर/25 12/नवम्बर/25 को रु.738052/- | प्रॉपर्टी P.h.no 26 वार्ड नंबर 10 हाउस नंबर 04 ग्राम जमरा, तहसील गुना जिला गुना, मध्य प्रदेश, 473001, इंडिया में है। कुल एरिया 4350 Sq. Ft. (404.27 Sq. Mt.) का हिस्सा। बाउंड्री इस तरह हैं: उत्तर - सड़क दक्षिण - मालिक की ज़मीन पूर्व - युधिष्ठिर रघुवंशी का घर पश्चिम - मालिक की ज़मीन | प्रतिकात्मक कब्ज़ा 07-मार्च-26 को लिया गया |

दिनांक : 13.03.2026
स्थान : गुना
प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम्.टी. मानेसर, गुडगाँव,
हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**
**सार्वजनिक सूचना**
{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

**सार्वजनिक नोटिस :** ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/2141 **दिनांक:** -06/03/2026

**संदर्भ:**
1.कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित *(15)* कम्पनियों का नाम राज्य मध्य प्रदेश से हटाने के मामले में:

| S NO | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC2486539 | U62012MP2025PTC075680 | जीसीलेस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC2312323 | U01403MP2011PTC026039 | इंडिजिनियस एग्रो-टेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC2322835 | U23999MP2023PTC068120 | जैनोज मेटल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC2514870 | U46301MP2025PTC077374 | एग्रो सेतु ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC2394415 | U74900MP2016PTC035609 | कारअले वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC2389374 | U85110MP2012PTC028466 | भोपाल टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC2435907 | U85110MP2021PTC054685 | मेडिकल ड्रीमसिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AC2373044 | U70100MP2009PTC021714 | सोम्पेल जेवी प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AC2146904 | U68100MP2023PTC065978 | मधुसूदन बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AC1784530 | U21012MP1998PTC013012 | श्री कार्डबोर्ड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC2205376 | U70200MP2021PTC054917 | नीलम हाईलैंड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AC2199895 | U74999MP2021PTC058113 | इन्फोराइडर्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AC2284994 | U70109MP2022PTC059820 | बेलपार्क कंस्ट्रक्शंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AC2301305 | U85310MP2020PTC051692 | हेल्दी यूनिवर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AC2292025 | U85110MP1997PTC012075 | चाइल्ड केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0769/2526

